an>

Title: Need to construct Railway over/under Bridge at railway crossings in Kurushetra city.

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। हमारे कुरुक्षेत्र लोक सभा में यूं तो सैकड़ों रेलवे फाटक हैं, परन्तु सबसे ज्वलंत समस्या यह है कि पांच फाटकों से लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां हजारों पर्यटक महाभारत की धरती गीता स्थली से क्या संदेश लेकर जाते हैं, यह आप भी जानते होंगे। तीन फाटक कुरुक्षेत्र शहर को बीचोंबीच दो भागों में बांटते हैं, एक दिल्ली अम्बाला कैंट लाइन पर शाहबाद में झांसा रोड पर और जगाधरी अम्बाला लाइन पर ऊंचा चानना में लाडवा रोड पर है, ये दोनों रेल लाइनें अति व्यस्त हैं। फाटक अक्सर बन्द ही रहते हैं। घंटों जाम से शहर व क्षेत्र के लोग, बाहर से आए पर्यटक बेहद दुखी होते हैं।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि तुरन्त समस्या का निदान किया जाए और इन पर ओवर ब्रिज या अंडर पास बनाए जाएं।